# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

## सूचना

विज्ञापन संख्या–PR-005360 (Revenue) 2024-25 द्वारा बिहार भूमि न्यायाधिकरण, पटना में सदस्य (प्रशासनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए थें, परन्तु अपेक्षित संख्या में सुयोग्य महानुभावों/आवेदकों से आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या–PR-005360 (Revenue) 2024-25 को रद्द किया जाता है एवं पुनः निम्नांकित पदों के लिए बिहार भूमि न्यायाधिकरण अधिनियम, 2009 की धारा–05 के आलोक में अध्यक्ष के 01 (एक) पद, सदस्य (न्यायिक) के 02 (दो) पद एवं सदस्य (प्रशासनिक) के 02 (दो) पद पर नियुक्ति हेतु विहित अर्हता प्राप्त निवर्त्तमान/सेवानिवृत्त न्यायाधीश, सेवानिवृत्त सरकारी सेवक/अधिवक्ता से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

उक्त पदों के लिए विहित अर्हता निम्नवत हैं:

| पद | योग्यता/अर्हत्ताएँ |
|---|---|
| अध्यक्ष | किसी. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश हो, या उच्च न्यायालय का न्यायाधीश रह चुका हो, या उसके लिए योग्य हो या कम से कम बीस वर्षों तक लगातार अधिवक्ता के रूप में उच्च न्यायालय में वकालत की हो। |
| सदस्य (न्यायिक) | (क) जिला न्यायाधीश हो, या जिला न्यायाधीश रह चुका हो, तथा समकक्ष पद को कम से कम 03 वर्षों तक धारित किया हो, या लगातार कम से कम 15 वर्षों तक अधिवक्ता के रूप में वकालत की हो।<br>(ख) किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के योग्य हो। |
| सदस्य (प्रशासनिक) | (क) कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए सदस्य/अपर सदस्य, राजस्व पर्षद का पद धारित किया हो।<br>(ख) कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए बिहार सरकार के प्रधान सचिव/सचिव से अन्यून पद धारित किया हो, तथा बिहार सरकार में अपनी सेवाकाल में अपीलीय/रिवीजनल न्यायिक हैसियत में भूमि सुधार मामलों का निष्पादन किया हो। |

**विहित अर्हता प्राप्त व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर, सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रधान सचिव को संबोधित अपना आवेदन विहित प्रपत्र में विभाग को समर्पित कर सकते हैं।**

(जय सिंह) 19/2/26
सचिव

बिहार भूमि न्यायाधिकरण, पटना के अंतर्गत अध्यक्ष, सदस्य (न्यायिक) एवं सदस्य (प्रशासनिक) पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन का नाम | |
| 2 | पिता का नाम | |
| 3 | स्थाई पता | |
| 4 | पत्राचार का पता | |
| 5 | पैन | |
| 6 | ई–मेल आई0डी0 | |
| 7 | मोबाईल नम्बर | |
| 8 | जन्म तिथि एवं दिनांक–01.03.2026 को आयु | |
| 9 | सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 10 | बिहार भूमि न्याधिकरण अधिनियम, 2009 की धारा–5 के आलोक में सेवानिवृति के समय धारित पद एवं अनुभव का ब्यौरा | |
| 11 | सेवा का नाम | |
| 12 | अंतिम पदस्थापन का कार्यालय/विभाग | |
| 13 | सेवानिवृत्ति के समय वेतनमान/वेतन स्तर | |
| 14 | सेवानिवृत्ति की तिथि को प्राप्त मूल वेतन | |
| 15 | शैक्षणिक योग्यता | |
| 16 | अंतिम पदस्थापन का विवरण | |
| 17 | सेवाकाल के अंतिम पाँच वर्षों में आरोप की स्थिति | |

(आवेदक का हस्ताक्षर)
दिनांक–.....................